उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी (नैनीताल)

UTTARAKHAND OPEN UNIVERSITY, HALDWANI (NAINITAL)

पत्रांक ..Admissssion/2015-16/74 दिनांक :23- अक्टूबर 2024

अधिसूचना

विश्वविद्यालय स्तर पर शिक्षार्थियों को विभिन्न पाठ्यक्रमो में मिलने वाली शुल्क छूट विषयक

एतद्द्वारा कार्य परिषद की 41वीं बैठक, दिनांक 30.09.2024 में प्रदत्त अनुमोदन के क्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में आवेदन कर रहे शिक्षार्थियो को पाठ्यक्रम शुल्क में निम्नवत् तौर पर छूट दी जाएगी :

18वीं वित्त समिति, दिनांक 21.08.2024 की बैठक के मद संख्या 18.12 मे पारित निर्णय

विश्वविद्यालय के संचालित विभिन्न पाठ्क्रमों में प्रवेश के लिए इच्छूक दिव्यांग पुरूष (50 प्रतिशत एवं उससे अधिक दिव्यांग) शिक्षार्थियों को पाठ्यक्रम शुल्क मे 50 प्रतिशत छूट प्रदान की जाएगी।

18वीं वित्त समिति , दिनांक 21.08.2024 बैठक के मद संख्या 18.17 मे पारित निर्णय

- शहीद सैनिक की विधवाओं को पाठ्यक्रम शुल्क में पूर्ण रूप से छूट तथा घरेलु व निर्धन महिलाओं को 25 प्रतिशत छूट केवल eSLM के साथ , चिन्हित समस्त महिला अध्ययन केन्द्र एवं विश्वविद्यालय के आदर्श अध्ययन केन्द्रो पर प्रवेश लेने पर दी जाएगी।
- ऐसी महिलाएं, जो 50 प्रतिशत दिव्यांग है, को पाठ्यक्रम शुल्क में पूर्ण रूप से छूट (केवल eSLM के साथ्) प्रदान की जाएगी।
- केवल राजकीय महाविद्यालय, मुनस्यारी एवं सरदार महिपाल राजेन्द्र डिग्री कालेज, साहिया में प्रवेश लेने वाली अनुसूचित जनजाति श्रेणी की महिलाओं को पाठ्यक्रम शुल्क में 15 प्रतिशत की छूट (या 25 प्रतिशत eSLM के साथ) प्रदान की जाएगी।

उपरोक्त के अतिरिक्त पूर्व से मिलने वाली शुल्क छूट संबंधी नियमों को उक्त स्तर तक ही संशोधित समझे जाएंगे। इसके अतिरिक्त अन्य श्रेणियों मे मिलने वाली अन्य छूट यथावत रहेगी।

(खेमराज भट्ट)
कुलसचिव

Registrar
Uttarakhand Open University
Haldwani (Nainital)

प्रतिलिपि :

1. मा0 कुलपति के निजी सचिव को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. वित्त नियंत्रक को सूचनार्थ।
3. परीक्षा नियंत्रक को सूचनार्थ।
4. क्षेत्रीय निदेशकों / सहायक क्षेत्रीय निदेशकों को सूचनार्थ।
5. गार्ड फाईल।

(खेमराज भट्ट)
कुलसचिव